खनिज विभाग की कार्यवाही, अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो वाहन जप्तस

नीमच। खनि अधिकारी गजेन्द्र सिह डाबर ने बताया, कि खनिज निरीक्षक सुनिल जाधव एवं खनिज टीम ने अवैध उत्ख2नन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध मनासा क्षेत्र के ग्राम खानखेडी में प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज रेत का अवैध उत्ख2नन, परिवहन तथा भण्डारण करते हुए 2 वाहनों को मध्यमप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जप्त किया गया हैं। उक्त2 वाहनों को पुलिस थाना मनासा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खडा किया गया हैं। अवैध उत्ख2न , परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त वाहनों में ट्रेक्टजर पंजीयन क्रमांक- एम.पी.44जेडडी 1490 एवं ट्रेक्टखर क्रमांक एम.पी.44एबी8565 शामिल हैं।

भरड़ावद में 48 घंटे से ब्लैकआउट, बिल भरने के बाद भी अंधेरे में ग्रामीण

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । ग्राम भरड़वद के ग्रामीण जन परेशान है ग्रामीणों का कहना है कि हमने बिजली के बिल भर दिया है इसके बावजूद भी 48 घंटे से पूरे गांव की लाइट काट दी गई है । ग्रामीणों ने बताया कि 60 प्रतिशत बिल जमा हो चुके हैं और 40 प्रतिशत लोगो ने बिल नहीं भरे हैं उनकी सजा पूरे गांव को दे रहें हैं जिन लोगों ने बिल जमा नहीं किये हैं उन पर वैधानिक कार्यवाही होना चाहिए परंतु पूरे गांव को सजा देना अच्छी बात नहीं है। हम विरोध करते हैं आज पूरे गांव के लोग यहां पर एकत्रित हुए हैं और चंद्रपुरा डीसी पर नारे बाजी की और अपनी भावनाओं से सहायक यंत्री श्री अनिल पाटीदार को अवगत करवाया।

ग्रामीण जनों ने बताया कि हमारे अफीम के चीरा चल रहा है गांव में अफीम के कुंडे पड़े हुएं हैं चोरों का आतंक है अंधेरे का फायदा उठाकर चोर लोग वारदात कर सकते है इसका जिम्मेदार विद्युत् विभाग रहेगा।

ग्रामीण जनों में भयंकर आक्रोश है यदि आज लाइट चालु नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर फिरोज अजमेरी अशफाक शाह,जफर अजमेरी फरहान गहलोत, जावेद अजमेरी सद्दाम अजमेरी , फिरोज खान साबिर अजमेरी दाऊद गोरी राकेश कुमावत फारूक सरपंच अब्बास अजमेरी,सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थें।

निजी कंपनियों को बस संचालन सौंपना जनता विरोधी निर्णय

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फिरोज पठान ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बस संचालन की जिम्मेदारी निजी कंपनियों को सौंपने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूर्णतः जनता विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति न केवल मध्यमवर्गीय बस संचालकों के हितों पर कुठाराघात है, बल्कि इससे आने वाले समय में आम जनता के लिए परिवहन सेवा भी अत्यधिक महंगी हो जाएगी। पठान ने तर्क दिया कि सरकार जनता के बीच भ्रम फैला रही है कि सरकारी बसें सुचारु रूप से चलेंगी, जबकि हकीकत में स्थानीय बस संचालकों के परमिट छीनकर उन्हें ही ऊंचे किराए पर वापस देने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे काम को किसी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी के हवाले करने की तैयारी है, जिसका सीधा बोझ यात्रियों की जेब पर पे?गा।

'अनुराग' जनजागरण पदयात्रा कल

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी । प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 1 मार्च 2026, रविवार को प्रातः ठीक 8.30 बजे, घंटाघर से प्रारम्भ होकर सदर बाजार, सम्राट मार्केट, केशव नगर, कालाखेत, गौतमनगर, मन्दसौर क्षेत्र में भ्रमण करेगी।

आगामी त्योहारों के चलते शांति समिति की बैठक संपन्न

शामगढ़ (इन्दौर समाचार) । शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई , बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मिलकर आगामी आयोजनों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिय, सभी से आपसी सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील की गई । बैठक में एसडीओपी दिनेश कुमार प्रजापति सीतामऊ, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव , तहसीलदार श्रीमती किरण गहलो, नायब तहसीलदार राकेश बरडे , थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय सहित राजनीतिक दल के पार्टी पदाधिकारी एवं सर्व समाज प्रमुख जन मौजूद रहे ।

आनंद विहार में बनेगा भव्य जैन मंदिर, खनन मूहूर्त सम्पन्न

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । अभिनंदन के समीप स्थित आनंद विहार कॉलोनी में भव्य जैन मंदिर का निर्माण शुरू होने जा रहा है। लगभग 1500 वर्ग फीट में तीर्थंकर प.पू. श्री वासुपूज्य स्वामी का भव्य जैन मंदिर व उसके समीप 800 वर्ग फीट में संतों के लिये उपाश्रय का निर्माण होने जा रहा है। प.पू. जैन जैन आचार्य श्री निपुणरत्न सूरीश्वरजी म.सा. की पावन प्रेरणा से समाजसेवी मोहनजी झमटमलजी मेघनानी (फ्रूट वाले) परिवार ने मंदिर व उपाश्रय के निर्माण के लिये भूमि दान दी है। दानदाता परिवार के द्वारा प्रदत्त भूमि पर जैन समाज के गणमान्य नागरिकों एवं माता-बहनों की उपस्थिति में खनन एवं खाद मुहुर्त सम्पन्न हुआ। समाजसेवी श्री मोहनजी मेघनानी, श्री संघ अध्यक्ष अजीत संघवी, संरक्षक राजेन्द्र सुराना ने खनन मुहूर्त किया। इस मौके पर सचिव सुरेश नाहटा, कोषाध्यक्ष छोटेलाल जैन, ट्रस्टी विमल लोढा, दिलीप संघवी, दिलीप डांगी, समाजसेवी मनोज जैन (पंकज इण्डस्ट्रीज), निर्मल सुराना, संजय जैन अंकित, प्रीतम जैन, दीपक जैन मारवाड़ी, अमित खाबिया, सुरेन्द्र जैन योग गुरु, पारसमल जैन सुवासरा, संदीप धींग भी उपस्थित थे। दिनांक 19 अप्रैल 2026 को मंदिर के निर्माण हेतु शीला पूजन होगा, दानदाता धर्मलाभ ले सकते हैं।

दो मासूम भाईयों ने रखा रोजा, इबादत की

चौमहला (इन्दौर समाचार) । मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के साथ-साथ मासूम बच्चे भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ रोजा रख रहे हैं। इसी कड़ी में दो भाई 6 वर्षीय बालक आहान रजा अंसारी व 9 साल के नेहान रजा अंसारी पिता सोनू मोहम्मद ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा। तपती धूप की परवाह किए बिना नन्हे आहान रजा व नेहान रजा ने अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए पूरे सब्र और हिम्मत के साथ भूख-प्यास बर्दाश्त की। अजीज अंसारी ने बताया की मेरे नवासे,आहान रजा व नेहान रजा इस दिन को लेकर काफी उत्साहित थे और उन्होंने पूरे दिन इबादत में समय बिताया।शाम को इफ्तार के दौरान घर में खुशी का माहौल रहा। परिजनों और रिश्तेदारों ने आहान रज़ा व नेहान रजा को दुआओं और दिली मुबारकबाद से नवाजा। इस मौके पर सभी ने देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ भी मांगी।

नापतौल विभाग ने जब्त किये असत्यापित इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तु

रतलाम।

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह और नियंत्रक महो. नापतौल म. प्र. भोपाल श्री ब्रजेश सक्सेना द्वारा दिए गये निर्देशों के पालन में सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु ग्राम- सातरूण्डा, बिरमावल, जावरा और नामली में साप्ताहिक विशेष जांच का अभियान चलाया जिसमें दुकानों पर उपयोग हेतु रखे गये बांट-माप, इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अर्जुन आटा चक्की सातरूण्डा, लोहार वेल्डिंग वर्क्स फेब्रिकेशन, सातरूण्डा, यश इन्टरप्राईजेस किराना सातरूण्डा, जायसवाल किराना सातरूण्डा, श्रेणीराज प्यारचंद अनाज, बिरमावल,, पिपाड़ा इन्टरप्राईजेस बिल्डिंग मटेरियल बिरमावल, पराग श्री ट्रेडर्स किराना बिरमावल, पद्मावती ट्रेडर्स किराना बिरमावल, अग्रवाल किराना बिरमावल, नवकार शक्ति सेल्स किराना बिरमावल, केश किराना, चौपाटी जावरा, सांकला ब्रदर्स किराना चौपाटी, जावरा, पुरूषोत्तम किराना स्टोर्स चौपाटी जावरा, सेठिया किराना, स्टेशन रोड, जावरा, संजय प्लायवुड हार्डवेरयर एण्ड टिम्बर वर्क्स नामली, खाटु नमकीन नामली, लक्षिता टॉयस, खिलोने,

नामली, कृष्णा किराना नामली दुकानों पर बांट-माप, मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं को नियमानुसार नही पाए जाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और विक्रय हेतु प्रदर्शित करके रखे पैकेज बंद वस्तुओं में अनियमितताऐ पाये जाने के कारण विधिक माप विज्ञान अधिनियम के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

उक्त दुकानों से 1 मैकेनिकल कांटा, 7 बांट, 6 इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरण और 14 पैकेज बंद वस्तुऐं जप्त किये गये। बांट-माप, इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरण के उपयोगकर्ता से 21500 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। जांच के दौरान श्री कैलाश चंद्र शर्मा, गोतमलाल मईड़ा, मोहनलाल खैर और मयंक गोयल उपस्थित थे।

पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के द्वितीय दिवस शोधपत्र प्रस्तुति हुई

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के द्वितीय दिवस का प्रारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सेशन के चेयर पर्सन द्वारा सरस्वती पूजन उपरांत आज का तृतीय टेक्निकल सेशन का प्रारंभ हुआ । सेशन के प्रथम वक्ता डॉ नीरज के. पांडे ने विकसित भारत के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए मानव के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से बताया एवं विकास को मूल्यों से जोड़ते हुए मूल्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया। विकास में महिलाओं , कृषकों आदि की भूमिका रेखांकित किया । आत्मनिर्भर भारत के लिए नवीन एवं प्राचीन विद्या (वेद पुराण उपनिषद)को सामनजस्य के साथ अपनाना होगा। मूल्य है तो अहंकार नहीं होगा और अहंकार है तो मूल्यों का आभाव है। द्वितीय वक्ता डॉ क्षमा तिवारी लखनऊ ने संतमत की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वतंत्रता के बाद की उपलब्धियो को रेखांकित करते हुए आपने नवीन मूल्यों एवं नवाचारों को विकास के लिए अनिवार्य बताया। संतो ने भारतीय समाज को हमेशा एक नई दिशा दी । कबीर आदि संतो ने स्थानीय भाषा को अपनाकर समाज में जागरूकता का कार्य किया । विवेकानंद, गांधीजी आदि ने संत मत को अपनाकर ही समाज कल्याण हुए अपने विचार दिए थे। तृतीय वक्ता के रूप में डॉ आभा मेघवाल ने विकसित भारत के लिए शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षा को नैतिक एवं आध्यात्मिक जीवन का आधार बताते हुए कृष्ण, बुद्ध की शिक्षा को महत्त्वपूर्ण बताया। आपने भारत के प्राचीन धर्म ग्रंथों के माध्यम से चंद्रयान, मंगलयान आदि की प्राप्तियों पर बताया ।भारत के युवा मूल्यों में तो भारतीय हो परन्तु व्यक्तित्व में ग्लोबल बने। चतुर्थ वक्ता के रूप में महाविद्यालय की ही प्राध्यापक डॉ वीणा सिंह ने 'करता भी हम है ओर कारण भी हम है' को आधार बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए। आपने पंडवानी पर अपने विचार व्यक्त किये।

पोषण ट्रैकर में कोई भी बच्चा न छूटे, शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें

जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

मंदसौर (इन्दौर समाचार)।

जिला पोषण समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक श्री अनुकूल जैन सीईओ जिला पंचायत द्वारा ली गई।बैठक में श्री बी एल विश्नोई, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री टेरेसा मिंज, जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर एवं विकास खंड समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर पर एक भी बच्चा पंजीयन से वंचित न रहे तथा सभी पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कर उन्हें पात्रता अनुसार, टेक होम राशन, गरम ताज़ा नाश्ता भोजन और प्री स्कूल की सेवाओं से लाभान्वित किया जाए। प्री-स्कूल एजुकेशन के प्रतिशत में सुधार करने तथा जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों का पंजीयन 75 प्रतिशत से अधिक करने के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अगली बैठक में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन से संबंधित डाटा तुलनात्मक रूप से प्रस्तुत करने तथा उसकी तुलनात्मक समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के निकट यदि कोई शासकीय भवन खाली उपलब्ध हो तो उसकी सूची तैयार कर प्रेषित की जाए। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का कार्य ग्राम पंचायत से समन्वय विकसित करने तथा पोषण वाटिका में विशेष रूप से फलदार पौधे तथा सहजन (सुरजना) के पौधे लगाने के निर्देश भी दिए गए।

गर्भवती एवं धात्री माताओं के पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए गए कि एएनएम की सूची का आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची से मिलान किया जाए, ताकि किसी प्रकार का मिसमैच सामने आ सके। सभी गतिविधियों को सर्वे आधारित बनाने, मैदानी भ्रमण बढ़ाने तथा आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गये।

बैठक में निर्देश दिए गए कि कुपोषित महिला एवं बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर उनका पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दूसरी संतान के जन्म पर पात्र हितग्राहियों का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाए।

पशु आहार निर्माण से किसान गोविंद पाटीदार ने बढ़ाई आय

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना जिले के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का लाभ लेकर मंदसौर जिले के ग्राम गुड़भेली निवासी प्रगतिशील कृषक श्री गोविंद पाटीदार ने पशु आहार निर्माण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत की है। श्री गोविंद पाटीदार एक मेहनती एवं नवाचार अपनाने वाले किसान हैं। खेती के साथ पशुपालन से जुड़े होने के कारण उन्हें यह अनुभव हुआ कि पशुओं के लिए शुद्ध एवं संतुलित आहार आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता था। अधिकांश पशु आहार पंजाब एवं अन्य राज्यों से मंगवाना पड़ता था, जिससे किसानों को अधिक खर्च करना पड़ता था। इसी समस्या का समाधान करने के लिए उन्होंने स्वयं पशु आहार निर्माण इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन किया। योजना के तहत उन्हें दिसंबर 2025 में बैंक ऑफ इंडिया, पिपलिया मंडी शाखा से 29 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें 10 लाख रुपये की सब्सिडी भी मिली। योजना से मिली सहायता से उन्होंने 'गुड्डाग्राम पशु आहार' ब्रांड के नाम से पशु आहार निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। श्री पाटीदार ने अपनी इकाई में लगभग 28 लाख रुपये लागत की आधुनिक पेलेट मशीन स्थापित की, जिसे पंजाब से मंगवाया गया। इस मशीन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 100 कट्टे (प्रत्येक 50 किलोग्राम) पशु आहार तैयार किया जाता है। यह पशु आहार लगभग 1300 रुपये प्रति कट्टा की दर से किसानों एवं गौशालाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।

सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं – इंजी नवीन कुमार अग्रवाल

क्या नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री अमित शाह देंगे त्यागपत्र

नीमच। कहते है सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यह आज दिल्ली में माननीय न्यायालय के द्वारा अपने अहम फैसले में शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा लगाए गए सभी आरोपों से आम आदमी पार्टी के सभी उच्च स्तरीय नेताओं को बरी करने पर सिद्ध हो गया है।

यह भी सिद्ध हो गया है की अपने आप को संस्कारित होने का दावा करने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार से षड्यंत्र रचकर देश में विभिन्न राज्यों में सत्ता हथियाने का कुत्सित प्रयास कर रही है और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर विपक्षी नेताओं को झूठे केस में उलझाकर बदनाम करने का घृणित कार्य कर रही है। उक्त कटाक्ष करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने भाजपा के गृहमंत्री अमित शाह से पूछा है की क्या आप नैतिकता के आधार पर अपना त्यागपत्र देंगे या इसी प्रकार से संविधानिक संस्थाओ का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओ को झूठे और बेबुनियाद केसो में उलझाते रहेंगे और साथ ही बेशर्म बने रहेंगे।

आप के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की भाजपा के द्वारा बनाये फर्जी शराब घोटाले की आज कोर्ट ने सभी नेताओ को बरी कर सच्चाई बता दी। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने आजाद भारत का सबसे बड़ा षड्यंत्र रचा था । लेकिन आज कोर्ट में साबित हो गया है की अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है , मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार है और आप कट्टर ईमानदार पार्टी है।

अग्रवाल ने कहा की इसी प्रकार का झूठा केस 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार ने मेरे और मेरे 06 साथियो के ऊपर भी नयागांव परिवहन चेकपोस्ट पर व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए संगर्ष करते समय लगाया था लेकिन कोर्ट ने 10 साल बाद हमें भी इसी प्रकार से दोनों झूठे केस से बरी कर सिद्ध कर दिया था की नीमच के आप साथी भी कट्टर ईमानदार है। इससे स्वतः प्रमाणित होता है की भाजपा नीमच से लेकर दिल्ली तक किस प्रकार से देश की सबसे कट्टर ईमानदार पार्टी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को षड्यंत्र रचकर झूठे केस में फंसाती है।

प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीडितों को केशलेस ईलाज की सुविधा

नीमच। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज मिलता हैं। यह सुविधा हादसे की तारीख से 7 दिनों तक उपलब्ध रहती हैं। योजना का उद्देश्य गोल्डन आवर में जिंदगी बचाना है, क्योंकि लगभग 50% सड़क दुर्घटना मृत्यु को रोका जा सकता हैं, यदि पीड़ितों को समय पर इलाज मिले। पात्रताः- सड़क दुर्घटना के सभी पीड़ित, चाहे वह हाईवे पर हुआ हो या शहर की सड़क पर, योजना का लाभ उठाने के लिए 112 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रक्रियाः- हादसे की सूचना 112 पर देना होगी। एंबुलेंस सेवा का अनुरोध करें। अस्पताल में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज मिलेगा। क्लेम प्रोसेसिंग ऑनलाइन ट्रैक की जाएगी। नीमच जिले में इस योजना के तहत निःशुल्के उपचार के लिए 43 निजी अस्पमताल पंजीकृत किए गए हैं।

कलेक्टिर हिमांशु चंद्रा ने पी.एम.राहत योजना के क्रियान्वीयन की शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक में समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए, कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए किसी भी अस्पअताल में भर्ती करवाने पर अस्प ताल द्वारा उपचार के लिए मना नहीं किया जा सकेगा। पीडित का तत्काल प्राथमिक उपचार कर, आवश्यधकतानुसार अन्य उच्चन संस्था। में रेफर किया जा सकेगा। सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिस द्वारा 24 घंटे में प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा। हास्पीसटल में 7 दिवस तक उपचार का खर्च 1.50 लाख की राशि की प्रतिपूर्ति योजना के तहत की जावेगी। कलेक्टशर ने मुख्यल चिकित्साथ अधिकारी को निर्देश दिए है, कि वे इस योजना का प्रभावी क्रियान्वमयन सुनिश्चित करें।

अग्रवाल सेवा समिति रतलाम का अभिनव आयोजन

रतलाम। जिस समाज की जड़ें अपने वरिष्ठजनों के अनुभव, त्याग और संस्कारों से सींची जाती हैं, वह सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता है। इन्हीं भावनाओं को आत्मसात करते हुए अग्रवाल सेवा समिति रतलाम द्वारा समाज के वरिष्ठ युगलों के सम्मान में एक भावपूर्ण अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मार्च, रविवार को दोपहर 2 बजे अग्रसेन वाटिका में समाज के 60 से अधिक वरिष्ठ युगलों का सार्वजनिक सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। यह आयोजन केवल सम्मान का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पीढियों के बीच संस्कारों के सेतु को सुदृढ़ करने का एक विनम्र प्रयास है। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीता सुरेशचंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल महासभा महिला मंडल) एवं महेश अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रसेन सोशल ग्रुप) की विशेष उपस्थिति रहेगी। समिति का मानना है कि हमारे वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन संघर्ष, पारिवारिक मूल्यों के प्रति समर्पण और समाज के प्रति योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका सम्मान करना, वास्तव में हमारी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करना है।

जिला पंचायत नीमच के तत्वाधान में आजीविका मिशन मनासा के अंतर्गत आजीविका होली मेले का आयोजन किया गया

नीमच।

जनपद पंचायत मनासा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की दीदी यो द्वारा अपनी अपनी गतिविधियों की दुकानें लगाई गई, प्रदर्शनी मेला एवं होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने द्वारा निर्मित उत्पादों की 17 दुकानें लगाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे। मेले में हस्तनिर्मित वस्त्र, मसाले, पापड़, अचार, अगरबत्ती, सजावटी सामग्री , आहन रजा व नेहान रजा ने निर्मित मावा, मिठाई, घी एवं घरेलू उपयोग के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए। उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आजीविका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

होली मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत-संगीत एवं रंग-गुलाल के साथ आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं मिशन से जुड़ी समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दीदी यो ने अपनी अपनी सफलता की कहानी सुनाई गई महिलाओं को स्वरोजगार के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया। जन प्रतिनिधि ने मेले की शुभारभ रिबन काटकर, मां सरस्वती जी पूजा करते हुए की , जन प्रतिनिधि में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शंभुलाल धाकड़, विधायक प्रतिनिधि के रूप में कैलाश पुरोहित मंडल अध्यक्ष, कुशा भाऊ ठाकरे, विजय शर्मा, यशवंत बंजारा, श्याम लाल वसीटा जिला पंचायत प्रतिनिधि, मंगीलाल

जिला पंचायत सदस्य साथ ही आजीविका मिशन से नीमच से हेमंत रामावत डीएम कृषि , प्रकाश पालियां एडीएम, ब्लॉक से नरेंद्र परमार ब्लॉक मैनेजर, दीपक डावर, कमल भूरिया, महेंद्र अलावा, जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे .